हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

शहीद प्रधान आरक्षक को थाने दी श्रद्धांजलि... 12


भारतमाला के सड़क निर्माण से आवागमन की मुसीबत... 12







## बिजली संकट से ग्रामीण हैं परेशान, तीन दिनों से कौड़ोसालेभाट अंधेरे में

### बारिश में विद्युत आपूर्ति बंद सांप-बिच्छुओं का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

ग्राम पंचायत कौड़ोसालेभाट में पिछले तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप होने के कारण ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश के बीच बिजली नहीं रहने से पूरे गांव का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शाम ढलते ही गांव अंधेरे में डूब जाता है, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम कौड़ोसालेभाट के ग्रामीणों का कहना है कि अंधेरे के कारण सांप, बिच्छू और अन्य विषैले जीव-जंतुओं का खतरा लगातार बढ़ गया है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर परिवारों में चिंता का माहौल बना हुआ है। कई लोग मोबाइल की टॉर्च और वैकल्पिक साधनों के सहारे रात गुजारने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे हर महीने समय पर बिजली बिल का भुगतान करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें नियमित बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उनका कहना है कि आखिर तीन दिनों से बिजली बंद रहने का जिम्मेदार कौन

▶▶| शेष पेज 12 पर

#### तीन दिनों से पूरा गाँव परेशान

*ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या केवल पिछले तीन दिनों तक सीमित नहीं है। क्षेत्र में लंबे समय से बिजली आपूर्ति लगातार बाधित रहती है। दिनभर में कई बार बिजली आती-जाती रहती है। कभी कुछ मिनट बिजली मिलती है तो उसके बाद घंटों तक आपूर्ति बंद हो जाती है। कई बार पूरी रात बिजली नहीं रहती, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई, घरेलू कार्यों और किसानों के दैनिक कार्यों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।*

#### ग्रामीणों ने कहा कि जल्द सुधार नहीं होने पर होगा बड़ा आंदोलन




#### बिजली जल्द बहाल करने की माँग की

*ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्युत विभाग तत्काल फॉल्ट का पता लगाकर उसे दूर करे और गांव में नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करे। उनका कहना है कि बार-बार होने वाली इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में लोगों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई और समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।*

## खबर संक्षेप



### 305 सीएससी संचालकों को दिया गया प्रशिक्षण

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। रायपुर से आए मास्टर ट्रेनरों ने सीएससी संचालकों एवं वीएलई को ई-केवाईसी, श्रमिक पंजीयन, ऑनलाइन पोर्टल संचालन और श्रमिक कल्याण योजनाओं की तकनीकी जानकारी दी। दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण में जिले के कुल 305 सीएससी संचालकों एवं वीएलई ने भाग लिया।

### अब किसानों का नवीन पंजीयन अक्टूबर तक

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए किसानों का नवीन पंजीयन एवं संशोधन कार्य 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। जिला प्रशासन ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को इस वर्ष भी स्वतः पंजीकृत माना जाएगा। उनकी भूमि, खसरा एवं धान रकबे का अद्यतन राजस्व विभाग द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 22 वर्षीय अरविंद कावड़े पिता स्व. सहदेव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मरदापोटी निवासी अनिल कावड़े ने पुलिस को बताया कि 5 जुलाई को मृतक ने अपने घर में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्घटना में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत हेटरकसा निवासी 37 वर्षीय संतराम जैन पिता स्व. मंशाराम 5 जुलाई को सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट होने से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### वहशी कलयुगी बेटे ने टंगिया से चार से पांच बार ताबड़तोड़ हमला किया

# आदतन शराबी पुत्र ने पैसे नहीं देने पर की कुल्हाड़ी मारकर हत्या की

*कांकेर जिले में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शराब के लिए पैसे नहीं मिलने से नाराज युवक ने अपनी ही माँ की टंगिया से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर शराब की लत से टूटते पारिवारिक रिश्तों और बढ़ते अपराधों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार यह हृदयविदारक घटना कांकेर थाना क्षेत्र के ग्राम व्यासकोंगेरा में 6 जुलाई की शाम लगभग 5 बजे की है। बताया जा रहा है कि व्यासकोंगेरा निवासी भीखम उसेंडी शराब पीने का आदी है। घटना वाले दिन उसने अपनी माँ बुधियारिन बाई उसेंडी पति स्व. प्रभुराम उसेंडी से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। माँ ने पैसे देने से इंकार कर दिया, जिससे आरोपी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। आरोप है कि पैसे नहीं मिलने से नाराज आरोपी भीखम उसेंडी ने घर में रखी टंगिया उठाई और अपनी माँ पर ताबड़तोड़ हमला कर

▶▶| शेष पेज 12 पर

#### पुलिस ने शुरू की जाँच

*घटना की जानकारी मिलते ही कांकेर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर हत्या से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए, ताकि मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा सके।*

#### घटना ने गांव को किया स्तब्ध

वारदात के कुछ ही घंटों में आरोपी बेटा पुलिस के हत्थे चढ़ा



*इस दर्दनाक वारदात ने पूरे व्यासकोंगेरा गांव को स्तब्ध कर दिया है। जिस माँ ने बेटे का पालन-पोषण कर उसे बड़ा किया, उसी बेटे द्वारा शराब के लिए पैसे नहीं मिलने पर उसकी हत्या कर देना हर किसी को झकझोर देने वाला है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की बढ़ती लत कई परिवारों को बर्बाद कर रही है और समय रहते इस पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है।*

**आरोपी अक्सर करता था विवाद** *ग्रामीणों के अनुसार आरोपी शराब पीने का आदी था और अक्सर घर में पैसों को लेकर विवाद करता रहता था। हालांकि पुलिस पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि विवेचना के बाद ही स्पष्ट होगी।*

#### आरोपी को कुछ घंटे में दबोचा

*घटना के बाद पुलिस ने बिना समय गंवाए*



*आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई के चलते हत्या करने वाले मृतका के बेटे भीखम उसेंडी को कुछ ही समय में पकड़ लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा घटना में प्रयुक्त टंगिया सहित अन्य साक्ष्य भी जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है।*

#### बेटे ने माँ की हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

*एसडीओपी कांकेर मोहसिन खान ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही कांकेर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार कर लिया तथा मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी शराब का आदी था। उसने शराब पीने के लिए अपनी माँ से पैसे मांगे थे। पैसे नहीं मिलने पर गुस्से में आकर उसने टंगिया से हमला कर माँ की हत्या कर दी। मामले की विस्तृत जाँच जारी है।*

### सरोना में वन महोत्सव मनाया विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

कांकेर जिले के सरोना वन परिक्षेत्र द्वारा शाउमावि सरोना में सोमवार को वन महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सतीश प्रकाश नेताम ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने और पौधों की नियमित देखरेख करने की अपील की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन महोत्सव का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर हरित वातावरण का निर्माण करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, किशोर भास्कर, सरपंच दीपिका वटी, उपसरपंच दिनेश सहारे, संजय राय, मलिक राम केवट, बीएस सूर्यवंशी, विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सीएम हेल्पलाइन सहित जनदर्शन तक की शिकायतों की समीक्षा की


जन शिकायतों का त्वरित निराकरण करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित प्रकरणों का निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को आयोजित समय-सीमा टीएल बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीएम पोर्टल, सुशासन तिहार तथा बस्तर मुन्ने शिविरों के दौरान प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली और स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न होकर गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक होना चाहिए, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने सभी विभागों को जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न शासकीय कार्यालय परिसरों में लंबे समय से खड़े उन कंडम वाहनों का भी संज्ञान लिया, जिनकी नीलामी हो चुकी है, लेकिन अब तक उन्हें नहीं हटाया गया है। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) को ऐसे

▶▶| शेष पेज 12 पर

### कांग्रेस ने बीएसपी की अनियमितताओं की जांच शुरू की, फिर जाएंगे रावघाट


सात दिनों में देनी थी रिपोर्ट पर अभी तक जांच पूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रावघाट क्षेत्र में बीएसपी द्वारा कथित रूप से किए गए अवैध सड़क निर्माण और अन्य अनियमितताओं को लेकर आखिरकार कांग्रेस 10 दिनो बाद हरकत में आई और 1 जुलाई को जाँच टीम गठित करके जाँच टीम को 7 दिन का रिपोर्ट सौपने की बात कही गई थी। आज सातवां दिन है, परंतु अभी तक जाँच पूरी नहीं हो पाई। जाँच टीम

▶▶| शेष पेज 12 पर

#### कड़ी कार्रवाई की माँग की जाएगी

*निरीक्षण के दौरान कांग्रेस नेताओं ने बीएसपी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि सड़क निर्माण में निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया तथा कुछ अधिकारियों ने मिलीभगत कर पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया। कांग्रेस का कहना है कि यदि जांच में अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।*

#### मामला पर्यावरणीय मानकों से जुड़ा

*कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण का मामला नहीं, बल्कि क्षेत्र की पारदर्शिता, पर्यावरणीय मानकों और स्थानीय लोगों के अधिकारों से जुड़ा विषय है। यदि किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन हुआ है तो उसकी जवाबदेही तय होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी या सार्वजनिक उपक्रम को कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता।*

#### जांच टीम ने ग्रामीणों से भी की बात

*जांच समिति ने स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से भी बातचीत की। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर अपनी आपत्तियां और शिकायतें समिति के समक्ष रखीं। कई लोगों ने दावा किया कि निर्माण कार्य के दौरान आवश्यक अनुमति और पर्यावरणीय नियमों का पालन नहीं किया गया। समिति ने इन सभी शिकायतों को अपनी जांच का हिस्सा बनाने का भरोसा दिया है।*

### बिहान से जुड़े चार परिवारों को मिली पीएम बीमा राशि



**कांकेर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने चार मृतक हितग्राहियों के नामांकित परिजनों को बीमा राशि के चेक प्रदान किए। पीआरपी एवं एफएलसीआरपी के सहयोग से बीमा दावा प्रक्रिया पूरी कर बैंकों के माध्यम से प्रकरण स्वीकृत कराया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में कांकेर विकासखंड में अब तक 9 बीमा दावों का सफल निपटारा कर नॉमिनी को लाभ प्रदान किया जा चुका है।






## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री से नई सड़क एवं नाली निर्माण की मांग



**पुरी।** जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष पालनहार दिली ने ग्राम पंचायत छाती की नेशनल सड़क से लेकर मंडी रोड तक जर्जर सड़क को नया बनाने एवं नाली निर्माण की मांग को लेकर अरुण साव उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग के मंत्री से मुलाकात की। श्री साव ने जल्द बनाने का आश्वासन दिया है।

### सखी वन स्टॉप सेंटर भर्ती की दावा-आपत्ति सूची जारी

**कोण्डागांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर में सेवा प्रदाता, केस वर्कर, पैरा लीगल कार्मिक, पैरा मेडिकल कार्मिक एवं सुरक्षा गार्ड के रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी के बाद प्रकाशित पात्र–अपात्र सूची पर प्राप्त दावा–आपत्तियों का जिला स्तरीय चयन समिति ने निराकरण कर दिया है। विभाग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे दावा–आपत्ति निराकरण सूची का अवलोकन जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर कर सकते हैं।

### अध्यक्ष किशोर व उपाध्यक्ष चुनी गईं पुष्पलता



**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला सिवनीकला में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच लता ध्रुव एवं जनपद सदस्य टेकराम साहू ने की। इस दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, स्कूल के समग्र विकास तथा समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। 16 सदस्यों का चयन किया गया। अध्यक्ष किशोर साहू, उपाध्यक्ष पुष्पलता तारक चुने गए। सदस्यों को समिति के अधिकार, कर्तव्य और स्कूल विकास में उनकी भूमिका की जानकारी प्रदान की गई। अतिथियों ने कहा कि समिति के गठन से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, बच्चों की नियमित उपस्थिति, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त प्रधानपाठक रुद्रनाथ चंद्राकर द्वारा किया गया।

### पेंशनर्स समाज ने दी शोक संतप्त परिवार को संवेदना राशि

**नगरी।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के सदस्य एवं सेवानिवृत्त वनपाल स्व. मंगतूराम मरकाम के निधन पर ग्राम कोहिनपारा में आयोजित शोक कार्यक्रम में छग पेंशनर्स समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए समाज की ओर से उनके परिजनों को संवेदना राशि प्रदान की है। इस अवसर पर छग पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष आरएल देव, पेंशनर्स एवं पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक संयोजक डोमारसिंह ध्रुव, पीआर चंद्रवंशी, डीएस ध्रुव, बिंदा मरकाम एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# बस्तर हाईस्कूल के 1978 बैच के विद्यार्थियों का हुआ मिलन, ताजा हुईं पुरानी यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर हाई स्कूल के वर्ष 1978 बैच के पूर्व विद्यार्थियों का एक दिवसीय स्नेह मिलन समारोह याराना-1978 के बैनर तले शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर 48 वर्षों बाद एक-दूसरे से मिले साथियों ने अपने छात्र जीवन की यादों को साझा किया और विद्यालय परिसर में बिताए सुनहरे पलों को फिर से जीवंत किया।

कार्यक्रम में वर्तमान प्राचार्य बी.एस. रामकुमार का सम्मान किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को विद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह की महत्वपूर्ण गतिविधियों में शामिल किया। उल्लेखनीय है कि बस्तर हाई स्कूल अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है।

समारोह में पूर्व विद्यार्थियों ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए तथा आगामी नवंबर में आयोजित होने वाले शताब्दी समारोह के लिए सहयोग का संकल्प भी लिया। वर्ष 1978 बैच की ओर से इंजी. बी. वासुदेव राव ने आज़ादी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापित शिलालेख का पुनर्स्थापन एवं सौंदर्यीकरण कराने की जानकारी दी।

कार्यक्रम में विधायक किरण देव भी अपने सहपाठी और मित्र के रूप में शामिल हुए। इस दौरान याराना-1978 की ओर से धरमपुरा स्थित एजुकेशन हब में राधाकृष्णन की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर विधायक ने सहर्ष सहमति जताई। आयोजकों ने बताया कि याराना-1978 समूह अब तक देश के विभिन्न शहरों में सात स्नेह मिलन समारोह आयोजित कर चुका है, जिनमें बैच के सदस्य अपने परिवारों के साथ शामिल होते रहे हैं।

## नियमितीकरण और मानदेय वृद्धि समेत तीन प्रमुख मांगों का सौंपा ज्ञापन

# भानपुरी में कोटवारों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




कोटवारों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर कोटवार एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तहसील भानपुरी में किया गया। भानपुरी कोटवार संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम तहसीलदार भानपुरी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। कोटवार संघ के अध्यक्ष रामाराम नेताम नियमितीकरण, राजस्व विभाग में संविलियन, पारिश्रमिक बढ़ाने एव सामाजिक सुरक्षा की मांग रखी।

ज्ञापन में कहा गया कि कोटवार अंग्रेजों के समय से शासन-प्रशासन और आम जनता की सेवा कर रहे हैं। अब तक नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला। कम पारिश्रमिक में काम करना पड़ता है। सेवा समाप्ति, मृत्यु, वृद्धावस्था में पेंशन, ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं नहीं मिलतीं। संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का हवाला दिया। लंबे समय से कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को आधार बताया। कोटवारों को राजस्व विभाग में संविलियन देने की मांग की। संघ ने मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा। ए श्रेणी कोटवारों का मानदेय 6 हजार से 15 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। बी श्रेणी का 5,500 से 12 हजार करने की मांग की। सी श्रेणी का 4,500 से 10 हजार करने की मांग की। डी श्रेणी का 3 हजार से 8 हजार करने की मांग की। संघ ने कहा कि कई मामलों में बिना निष्पक्ष जांच के कोटवारों पर कार्रवाई हो जाती है। इसे रोकने की मांग की गई।शिकायतों की विधिवत जांच के बाद ही निर्णय लेने की व्यवस्था की मांग रखी गई। नगर पालिका, नगर निगम क्षेत्रों में कोटवार नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग भी शामिल रही।

**ये रहे उपस्थित**

धरना प्रदर्शन में कोटवार के अध्यक्ष रामाराम नेताम, उपाध्यक्ष प्यारी राम नेताम, कोषाध्यक्ष मुन्ना राम चौहान, सचिन रघुनाथ नाग, सहसचिव पातीराम कोर्राम, मंगतू राम कोर्राम, शिवराम नाग, अर्जुन कश्यप, पूरन नाग, फूल सिंह बघेल आदि क्षेत्र के कोटवार भारी संख्या में मौजूद रहे।

### शहीद प्रधान आरक्षक को थाने में दी श्रद्धांजलि



**दुर्गुकोंदल।** थाना दुर्गुकोंदल परिसर में सोमवार को शहीद प्रधान आरक्षक सुग्रीव बहबल एवं संतराम गढ़िया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र नमन किया तथा उनके कर्तव्यनिष्ठ जीवन, साहस और सेवा भावना को याद किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि दोनों शहीद प्रधान आरक्षकों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, अनुशासन और साहस के साथ किया। उनका समर्पण पुलिस विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा तथा उनका त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में थाना प्रभारी प्रेम झा, सहायक उपनिरीक्षक बीरेंद्र बुंदेला, प्रधान आरक्षक गजेंद्र गेंदे, राजेंद्र कुलदीप, अवध नाग, अनिल मरकाम, रंजन मरकाम, रविशंकर सहित थाना दुर्गूकोंदल का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### जीरामजी योजना, ग्रामीणों परिवारों का बना सहारा



**कांकेर।** विकसित भारत जीरामजी योजना ग्रामीण गरीबों, श्रमिकों और मेहनतकश मजदूर वर्ग के जीवन में भरोसे का सहारा बनी है। यह योजना मनरेगा का उन्नत और आधुनिक रूप है, जो ग्रामीण श्रमिकों के लिए 125 दिन के रोजगार की गारंटी देता है। कांकेर विकासखंड के ग्राम बेवरती निवासी राजेश्वरी यादव ने विकसित भारत जी राम-जी योजना के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पहले उन्हें मनरेगा के तहत 261 रूपए प्रतिदिन मजदूरी मिलती थी, जबकि अब योजना के तहत मजदूरी बढ़ाकर 300 रूपए प्रतिदिन कर दी गई है। इसके साथ ही अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार मिलने से उनकी आजीविका को और मजबूती मिलेगी। राजेश्वरी यादव ने कहा कि बढ़ी हुई मजदूरी और अतिरिक्त रोजगार के दिनों से परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा तथा घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण श्रमिकों के लिए बेहद लाभकारी है और इससे गांव के अनेक परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

# झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे, धान बोनी-रोपाई ने पकड़ी रफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

जिले में शनिवार की शाम से शुरू हुई झमाझम बारिश रविवार तक जारी रही, जिससे खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे किसानों को बड़ी राहत मिली है। शुरुआती दौर में बारिश की कमी से सूखे की आशंका और धान की बोनी-रोपाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन पिछले दो दिनों की अच्छी बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी और पानी उपलब्ध हो गया है। इससे जिलेभर में धान की बोनी, नर्सरी और रोपाई का काम तेज हो गया है।

कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) के वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार रविवार को कुरूद में 64.5 मिमी और भखारा में 51.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधिकांश गांवों में किसान खेतों में उतर चुके हैं। पहले से बोए गए धान के बीजों के अंकुरण और रोपा मताई के लिए भी यह बारिश बेहद लाभकारी मानी जा रही है। लगातार बारिश से तालाबों, नहरों और अन्य जलस्त्रोतों में पानी की आवक शुरू हो गई है, जिससे सिंचाई व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेतों की मेड़ मजबूत रखने, अतिरिक्त पानी की निकासी सुनिश्चित करने तथा लगातार वर्षा के दौरान फिलहाल उर्वरकों का प्रयोग टालने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे तक जिले में गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई इस बारिश ने अच्छी खरीफ फसल की उम्मीद को मजबूत कर दिया है।

### लगातार हो रही बारिश से मौसम का मिजाज बदला



**नगरी।** नगरी अंचल में बीते शनिवार रात से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। रुक-रुककर शुरू हुई वर्षा देर रात से लगातार जारी रही, वही रविवार को सुबह से दोपहर तक धीमी गति से बारिश हुई जिससे पूरे नगरी में ठंडक घुल गई और लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली।

आज आषाढ़ मास का पांचवा दिन है और लगातार हो रही अच्छी बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। लंबे समय से अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बारिश किसी सौगात से कम नहीं है। अब धान की बुआई, रोपाई सहित अन्य कृषि कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। किसान पूरे उत्साह के साथ खेतों की तैयारी में जुट जाएंगे।

**खेतों में लौटी रौनक**

बारिश से ग्रामीण क्षेत्र में भी रौनक लौट आई है। खेत-खलिहान पानी से कहीं कहीं लबालब होने लगे हैं, जिससे खरीफ फसल के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। बारिश के कारण जिले का प्राकृतिक सौंदर्य भी निखर उठा है। पेड़-पौधों की हरियाली बढ़ गई है और वातावरण पूरी तरह खुशनुमा हो गया है। छोटे- छोटे बच्चों ने भी मौसम का आनंद लेते हुए बारिश का स्वागत किया।

# घड़ी तोड़ने पर हुआ विवाद, युवक के सिर पर धातु के चूड़े से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**विरोध करने पर गाली–गलौज की और जान से मारने की दी धमकी**



थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम आंवरी में एक मामूली विवाद उस समय हिंसक झड़प में बदल गया, जब हाथ में पहनी घड़ी को नुकसान पहुंचाने की बात पर दो युवकों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक पर चूड़े से हमला कर दिया गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घायल युवक की शिकायत पर चारामा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम आंवरी निवासी 27 वर्षीय राजेश कुमार सेन ने पुलिस को बताया कि मेरी कंडेल चौक में सैलून की दुकान है। मैं 5 जुलाई की शाम लगभग 5 बजे वह जैतखाम आंवरी के पास खड़ा था और इसी दौरान गांव के धर्मेंद्र साहू ने उनके हाथ में पहनी हुई घड़ी को तोड़ने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता ने घड़ी तोड़ने का विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। शिकायत के अनुसार विरोध करने पर आरोपी धर्मेंद्र साहू ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी और हाथ में पहने चूड़े से उनके सिर पर वार कर दिया। अचानक हुए हमले से राजेश के सिर पर चोट आई और खून निकलने लगा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद घायल युवक थाना चारामा पहुंचा और पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत पुलिस को दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि बिना किसी उचित कारण के उस पर हमला किया गया, जिससे उसे शारीरिक चोट के साथ मानसिक आघात भी पहुंचा है। शिकायत के आधार पर चारामा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296 एवं 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है तथा घटना से जुड़े सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पुरी के प्रवेशोत्सव में तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत



**चारामा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरी में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्य रागनी सुधाकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही गांव और समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से पढ़ाई करने तथा अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत पुरी के सरपंच दीपक गावड़े एवं उपसरपंच आत्माराम जैन रहे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक तथा शिक्षक यूके देसमुख, रेमन यदु, डोमन कौसिक और कैलाश भुआर्य सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## आवागमन की मुसीबत से छात्र-छात्राएं सर्वाधिक परेशान और दुर्घटना की आशंका भी

# भारतमाला के सड़क निर्माण से आवागमन बाधित, विधायक ने लिया जायजा

**कांकेर/सरोना।** विकास की रफ्तार जब आम लोगों की सुरक्षा पर भारी पड़ने लगे तो सवाल उठना स्वाभाविक है, इसी भावनाओं से जुड़ा मामला मावलीपारा में देखने को मिला, जिसमें भारतमाला सड़क निर्माण परियोजना के चलते स्कूली बच्चों का स्कूल पहुंचना रोजाना जोखिम भरा हो गया है। खबर मिलते ही विधायक आशाराम नेताम भी उस स्थल पर पहुँचे और मौके का निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मावलीपारा में भारतमाला सड़क निर्माण परियोजना ग्रामीणों और विशेषकर स्कूली विद्यार्थियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है।



**विधायक ने निर्माण एजेंसी पर जताई नाराजगी**

*निरीक्षण के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण निश्चित रूप से विकास का प्रतीक है, लेकिन विकास के नाम पर आम नागरिकों और विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात ऐसे हैं मानो गांव के बीच भारत-पाकिस्तान जैसी सीमा खड़ी कर दी गई हो, जिससे लोगों का सामान्य आवागमन तक प्रभावित हो गया है।*

**ग्रामीणों ने रखी माँगे**

*ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष मांग रखी कि भारतमाला परियोजना के दौरान बंद किए गए सभी संपर्क मार्गों को दोबारा चालू किया जाए। जहां मार्ग बहाल करना संभव न हो, वहां पुलिया, अंडरपास अथवा सुरक्षित क्रॉसिंग का निर्माण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बिना किसी खतरे के स्कूल आने-जाने की सुविधा मिल सके।*

**विधायक ने केंद्रीय मंत्री से की चर्चा**

*विधायक आशाराम नेताम ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर उनकी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी चर्चा हुई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान कराया जाएगा ताकि बच्चों और ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।*

## पेज 11 के शेष

**बिजली संकट से ग्रामीण हैं...**

है और कब तक विभाग फॉल्ट का हवाला देकर लोगों को परेशान करता रहेगा। सीएसईबी के अधिकारियों को शिकायत के बाद भी कान में जूँ नहीं रेंगता। लगातार तीन दिनों से बिजली गुल रहने के कारण ग्राम पंचायत कौड़ोसालेभाट के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। उन्होंने जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**आदतन शराबी पुत्र ने पैसे नहीं...**

दिया। उसने एक के बाद एक तीन से चार वार किए, जिससे बुधियारिन बाई गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही लहूलुहान हो गईं। गंभीर चोटों के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

**सीएम हेल्पलाइन सहित...**

सभी नीलाम वाहनों को तत्काल परिसर से हटाने के निर्देश दिए। बैठक में दूरस्थ क्षेत्रों में दूरसंचार टॉवर स्थापना, अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के संचालन, किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन, नामांकन एवं बंटवारा प्रकरणों के निराकरण सहित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारी, जनपद सीईओ तथा नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**कांग्रेस ने बीएसपी की...**

मौके पर एक बार गई, परंतु अभी संतुष्ट नहीं है, शायद यह टीम फिर से 8 जुलाई को यथास्थान जा सकती है। उसी के बाद जाँच टीम रिपोर्ट सौंप सकती है। समिति के सदस्यों का कहना है कि जांच के दौरान कई ऐसे तकनीकी और प्रशासनिक पहलू सामने आए हैं, जिनकी पुष्टि संबंधित दस्तावेजों और अन्य स्रोतों से की जानी है। इसलिए अभी रिपोर्ट प्रस्तुत करना जल्दबाजी होगी। जांच पूरी होने के बाद ही कांग्रेस अपनी विस्तृत रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी। जाँच टीम के जनक नंदन कश्यप ने बताया कि जांच टीम दोबारा भी घटनास्थल का दौरा करेगी। कई ऐसे स्थान और बिंदु हैं, जिनका निरीक्षण समयाभाव या अन्य कारणों से नहीं हो पाया। समिति इन सभी पहलुओं का गहन अध्ययन कर निष्कर्ष तक पहुंचना चाहती है, ताकि किसी भी तथ्य को नजरअंदाज न किया जाए। जांच दल ने मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण की स्थिति, निर्माण स्थल और उससे जुड़े तथ्यों का अवलोकन किया। समिति के सदस्यों ने स्वीकार किया कि प्रथम दृष्टया कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिनकी विस्तृत जांच आवश्यक है। इसी कारण फिलहाल कोई अंतिम रिपोर्ट तैयार नहीं की गई है।

**निगाहें अंतिम जाँच रिपोर्ट पर टिकी:** फिलहाल कांग्रेस की जांच समिति अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार करने से पहले सभी तथ्यों का परीक्षण कर रही है। समिति का कहना है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और तथ्य आधारित होगी। रिपोर्ट सामने आने के बाद ही पूरे मामले में आगे की रणनीति तय की जाएगी। ऐसे में अब सभी की निगाहें कांग्रेस की अंतिम जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि रावघाट में बीएसपी द्वारा किए गए कथित सड़क निर्माण में वास्तव में नियमों का उल्लंघन हुआ या नहीं तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# कृषि योजना के तहत दंतेवाड़ा में जैविक खेती को गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं भूमगादी कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के संयुक्त प्रयासों से जिले में जैविक एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए व्यापक

- खेतों में पहुंचकर किसानों को वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक खेती का दिया जा रहा प्रशिक्षण

अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत कृषि विभाग की टीम किसानों के खेतों तक पहुंचकर परंपरागत सुगंधित जैविक धान की किस्मोंकुलोकतीमांची, जवा फूल, जीरा फूल, नीम फूल एवं सुगंधाकुकी उन्नत खेती तथा प्राकृतिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दे रही है।

जिले में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और टिकाऊ कृषि व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से इस वर्ष पहली बार रोपा, कतार रोपा तथा श्री विधि के माध्यम से 6 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें 1,500 हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष रूप से श्री विधि अपनाई जा रही है, जिससे कम पानी, कम बीज और अधिक जैविक पोषक तत्वों के उपयोग से अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। यह तकनीक जल संरक्षण के साथ खेती की लागत कम करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। श्री विधि धान उत्पादन की एक वैज्ञानिक पद्धति है, जिसमें 12 से 15 दिन के स्वस्थ पौधों का कतारों में एक-एक पौधे के रूप में रोपण किया जाता है। इससे प्रत्येक पौधे को पर्याप्त पोषण एवं प्रकाश मिलता है। साथ ही नियमित निराई-गुड़ाई, नियंत्रित सिंचाई तथा जीवामृत, गोमूत्र, वर्मी कम्पोस्ट जैसे जैविक पोषक तत्वों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और बेहतर उत्पादन प्राप्त होता है।

इस अभियान के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम चंदेनार में उप संचालक कृषि सूरज पंसारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरएस नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी परीक्षित मंडावी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किशन नेताम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, जैविक क्लस्टर समन्वयक, जैविक कार्यकर्ता, कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसानों की उपस्थिति में खेतों में कतार रोपा का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने किसानों को वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देते हुए इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत जिले के सभी मैदानी कृषि अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से किसानों के बीच पहुंचकर प्रशिक्षण दे रहे हैं। भूमगादी कृषक उत्पादक संगठन के जैविक कार्यकर्ताओं द्वारा खेतों में प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से श्री विधि एवं कतार रोपा पद्धति का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही किसानों को जीवामृत, हांडी खाद, नीम आधारित जैविक कीटनाशी, वर्मी कम्पोस्ट सहित विभिन्न प्राकृतिक कृषि आदानों के उपयोग की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है।

इस अभियान का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, जैविक उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन को विश्वास है कि यह पहल दंतेवाड़ा को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के साथ जिले को देश के अग्रणी जैविक कृषि मॉडल जिलों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## खबर संक्षेप

### मूल्यांकन में खरा उतरा पीएचसी चेरपाल



**बीजापुर।** विकासखंड बीजापुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेरपाल ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत आयोजित बाह्य मूल्यांकन को सफलतापूर्वक पूरा कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र नई दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने स्वास्थ्य केंद्र का विस्तृत निरीक्षण कर विभिन्न गुणवत्ता मानकों का मूल्यांकन किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में संपन्न इस मूल्यांकन के दौरान सामान्य प्रशासन, ओपीडी, आईपीडी, प्रयोगशाला, लेबर रूम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, संक्रमण नियंत्रण, दवा प्रबंधन, स्वच्छता, मरीजों को उपलब्ध सुविधाएं एवं अभिलेख संधारण सहित विभिन्न पहलुओं का गहन परीक्षण किया गया। मूल्यांकन प्रक्रिया में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला जनस्वास्थ्य नर्सिंग अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक बीपीएम, बीडीएम, बीएएम, एसटीएस, एमटीएस, आरबीएसके टीम, चिकित्सा अधिकारी, पीएचसी प्रभारी, सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आरएचओ (पुरुष एवं महिला), स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## निधन

### आकाश श्रीवास्तव

**जगदलपुर।** आकाश बोरवेल्स के संचालक आकाश श्रीवास्तव का लंबी



बीमारी से उपचार के दौरान आज एक निजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे कन्या विद्यालय बकावंड में प्राचार्य रहे स्व. मुन्नालाल श्रीवास्तव व सदर स्कूल जगदलपुर की सेवानिवृत व्याख्याता संध्या श्रीवास्तव के जयेष्ठ पुत्र व डॉ. प्रकृति श्रीवास्तव के छोटे एवं अम्बर श्रीवास्तव के बड़े भाई थे। उनका अंतिम यात्रा कल सुबह 11 बजे निवास हाउसिंग बोर्ड कालोनी धरमपुरा से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## पुर्नवासितों को आत्मनिर्भर बना रहा प्रशासन

# अब बंदूक नहीं वाहनों की स्टेयरिंग संभाल रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा





कभी नक्सल हिंसा की छाया में जीवन गुजारने वाले युवाओं की जिंदगी अब नई दिशा पकड़ रही है। पुनर्वास केंद्रों से निकलकर ये युवा अब आत्मनिर्भर बनने की राह पर हैं। जिला प्रशासन की पहल पर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में 31 पुनर्वासित युवाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के साथ ही सभी का एलएमवी (लाइट मोटर व्हीकल)

- आरसेटी में 31 युवाओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण

लाइसेंस भी बनवाया जा रहा है, ताकि प्रशिक्षण पूरा होते ही वे रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ सकें।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में 13 जून से 12 जुलाई तक चल रहे इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को सिर्फ वाहन चलाना ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, रोड साइन, वाहन की बेसिक मरम्मत और सुरक्षित ड्राइविंग के व्यावहारिक गुर भी सिखाए जा रहे हैं। उद्देश्य केवल लाइसेंस दिलाना नहीं, बल्कि युवाओं को ऐसा कौशल देना है जिससे वे सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकें।

### बदलाव की नई तस्वीर गढ़ रहा है सुकमा

आरसेटी की प्रशिक्षण टीम युवाओं को पूरी लगन से तैयार कर रही है। एलडीएम मनीष कुमार खुसरो, फैकल्टी खुशाल चंद्र केशरवानी, नागराज मधुसूदन और मास्टर ट्रेनर दिलीप साहू उन्हें तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहे हैं। नक्सल प्रभावित सुकमा में यह पहल केवल ड्राइविंग प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बदलाव की उस नई तस्वीर का प्रतीक है, जहां भय की जगह भरोसा, हिंसा की जगह हुनर और बंदूक की जगह स्टेयरिंग ने ले ली है। यह पहल पुनर्वासित युवाओं के लिए सम्मानजनक जीवन और जिले के लिए स्थायी शांति व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

### युवाओं में बढ़ेगा आत्मविश्वास : कलेक्टर

कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि पुनर्वासित युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। कौशल विकास के साथ ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर देने का प्रयास किया जा रहा है। इससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकेंगे।

### रोजगार का नया दरवाजा खोल रहा

प्रशिक्षण ले रही सोड़ी सोमड़ी कहती हैं कि पहले कभी नहीं सोचा था कि एक दिन गाड़ी चलाना सीखेंगी। अब उन्हें भरोसा है कि यह हुनर उनके जीवन को नई दिशा देगा। वहीं पुनेम ज्योति का कहना है कि ड्राइविंग सीखने के बाद वे अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार की जिम्मेदारी निभाना चाहती हैं। उनके मुताबिक यह प्रशिक्षण उनके लिए रोजगार का नया दरवाजा खोल रहा है।

## कोया समाज की संस्कृति को मिली राष्ट्रीय पहचान

**गीदम।** बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने में दंतेवाड़ा के आदिवासी युवा नेतृत्वकर्ता नन्दू होड़ी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमड़ा निवासी नन्दू का चयन टाटा



स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित आठवें जनजातीय नेतृत्व प्रोग्राम-2026 के लिए हुआ। यह कार्यक्रम 21 से 28 जून तक कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित द स्कूल ऑफ एंशियंट विजडम में आयोजित किया गया। इसमें देशभर के 25 राज्यों की 54 से अधिक जनजातियों के 100 युवा-युवती प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नन्दू होड़ी ने इस मंच पर छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के प्रसिद्ध कोया समाज की संस्कृति और परंपराओं का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया। नन्दू ने कार्यक्रम में बस्तर की जीवनशैली, पूर्वजों से चली आ रही पारंपरिक व्यवस्था और वास्तविक जीवन को साझा किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक जैव विविधता के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया। साथ ही आदिवासी कोया समाज की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय युवाओं में सामाजिक नेतृत्व क्षमता विकसित करना और विभिन्न जनजातियों की चुनौतियों को समझना था। नन्दू का चयन उनके सामाजिक कार्यों, जमीन स्तर पर मुद्दों पर सक्रियता और कोया समाज की संस्कृति के संरक्षण में योगदान के आधार पर किया गया।

## रीपा सेंटर का 9 राज्यों के बैंक अध्यक्ष और अधिकारियों ने किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

बस्तर विकासखंड के सोनारपाल स्थित रीपा सेंटर का निरीक्षण करने आज 9 राज्यों के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक पहुंचे। निरीक्षण दल में तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मणिपुर, गुजरात, उत्तराखंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकारी शामिल थे।

छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा सोनारपाल शाखा से महिला

- महिला समूह का मॉडल अन्य राज्यों में लागू करने पर बल

समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है। क्लस्टर इंद्रावती महिला संगठन चमिया समूह के अंतर्गत जय बालाजी महिला स्व-सहायता समूह, देवड़ा द्वारा खाद्य प्रसंस्करण केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान समूह की महिलाओं ने दल को मशीन के संचालन और सामग्री डालने की प्रक्रिया के बारे में बारीकी से जानकारी दी। अधिकारियों ने रेडी-टू-ईट निर्माण समूह के कार्य का अवलोकन कर महिला सशक्तिकरण के कार्यों की सराहना की। महिलाओं द्वारा मशीन से उत्पादन कार्य किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। अधिकारियों ने कहा कि अन्य राज्यों में भी इसी तरह की यूनिट स्थापित कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। महिला समूह की सदस्यों ने बताया कि बस्तर ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी-टू-ईट का वितरण किया जाता है, साथ ही तोकापाल ब्लॉक में भी सामग्री भेजी जाती है।

इस अवसर पर एसआरएलएम के सहयोग से आरआरबीएस के चेयरमैन एवं जगदलपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा भी इकाई का निरीक्षण किया गया। झारखण्ड ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बेरियार और महाप्रबंधक राजकुमार गुप्ता ने केंद्र की स्वच्छता एवं अनुशासन की प्रशंसा करते हुए समूह को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित सिंघल, सीनियर मैनेजर व्यवसाय नंदलाल यादव, शाखा प्रबंधक विजेंद्र सदाफल एवं बिहान महिला समूह के सदस्य मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति से जोड़ने बनी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत

- भाजयुमो शक्ति केंद्र समलूर की बैठक में विचार विमर्श

डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के अंतर्गत भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा गीदम मंडल द्वारा शक्ति केंद्र समलूर, बूथ क्रमांक-



40, गणेश मंडप जिया पारा में भारी वर्षा के बीच भी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को मोबाइल के माध्यम से कहीं भी और कभी भी प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। इसमें संगठन का इतिहास, भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद, संगठनात्मक कार्यपद्धति, सुशासन, सेवा, राष्ट्रवाद तथा कार्यकर्ता के व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई है। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि वे डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर स्वयं प्रशिक्षण पूर्ण करें तथा अपने-अपने बूथों पर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को इससे जोड़ते हुए प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाएं। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, सदस्य संपर्क एवं युवा मोर्चा की कार्ययोजना को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल असरानी, जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, जिला मंत्री वेणु शंकर, मंडल अध्यक्ष अनीश अनिल, मंडल महामंत्री द्वय सुनील क्षत्रिय, राहुल सोनवानी, मंडल उपाध्यक्ष यशवंत शर्मा,मंडल मंत्री कमलेश ठाकुर, मंडल कार्यसमिति सदस्य कौशल यादव, शक्तिकेंद्र प्रभारी युवा मोर्चा शम्भूनाथ ठाकुर, सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : बसाक

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर,



तोकापाल एवं दरभा का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को बेहतर और समयबद्ध इलाज देना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है।

इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पतालों के ओपीडी, आईपीडी और पोषण पुनर्वास केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर अस्पताल में मिल रहे उपचार व उपलब्ध सुविधाओं का फीडबैक लिया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर तीरथगढ़ एवं आंगनबाड़ी केंद्र छिंदावाड़ा में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण गतिविधियों की हकीकत परखी।

# वृद्धाश्रम में एक पेड़ मां के नाम लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

गीदम ब्लॉक स्थित वृद्धाश्रम हारम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण करना नहीं, बल्कि माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण में योगदान देना है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाजसेवियों ने वृद्धाश्रम परिसर में पौधे लगाकर इसे हरित बनाने का संकल्प दोहराया।


इस अवसर पर गीदम विधायक चैतराम अटामी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ वृद्धाश्रम के संचालक डीआर बघेल, गायत्री परिवार के सदस्य, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष मनीष सुराना, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधराम भास्कर, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशल एवं ग्राम पंचायत की सरपंच प्रमिला



सुराना शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी और स्व-सहायता समूह की दीदियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए।

### मां और पर्यावरण दोनों का संरक्षण जरूरी

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान माँ के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। जिस प्रकार माँ हमें जीवन देती है, उसी प्रकार पेड़-पौधे हमें जीवनदायी ऑक्सीजन और स्वच्छ पर्यावरण देते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए हर नागरिक को आगे आना होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान पूरे देश में जनजागरूकता का माध्यम बना है। गीदम में भी इसे जनआंदोलन के रूप में चलाया जाएगा।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भाजपा मंडल ने मनाई



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल कांकेर द्वारा सोमवार को जिला कार्यालय कमल सदन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे का उनका संकल्प आज साकार हो चुका है। कश्मीर देश का अभिन्न अंग है और आज वहां भारतीय संविधान पूर्ण रूप से लागू है तथा तिरंगा शान से लहरा रहा है। पूर्व जिला महामंत्री विजय मंडावी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, उनके राष्ट्रवादी विचारों एवं जनसंघ की स्थापना में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलीप जायसवाल, जिला प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह, जिला मंत्री संजय सिन्हा, अनिता सोनी, कार्यालय सह मंत्री उगेश्वरी उईके, योगेश साहू, मनोज ध्रुव, ईश्वर सिंह कावड़े, धनेन्द्र सिंह ठाकुर, पीयुष वलेचा, सपन श्रीवास्तव, देवेन्द्र भाऊ, सलिम मेमन, गिरधर यादव, प्रशांत लक्की ठाकुर, शैलेंद्र शोरी, मीना साहू, हर्षल गजबिऐ, चिन्मय लोन्हारे, जतिन अटभैया, ईश्वर नाग व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल ने मनाई



**दुर्गुकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा सोमवार को स्थानीय रेस्ट हाउस परिसर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र निर्माण, शिक्षा और राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण किया। आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपना संपूर्ण जीवन देशहित में समर्पित किया। वक्ताओं ने उनके विचारों और सिद्धांतों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए कार्यकर्ताओं से उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदे सिंह कल्लो ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्श समाज में समरसता, राष्ट्रभक्ति और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शकुंतला नरेटी, अशोक जैन, पिलम नरेटी, तुकाराम पटेल, रघुनाथ मंडावी, संजय उइके, तुलसी मतलामी, मुकेश नरेटी, राजलाल आचला, विकास राजू नायक, किशोर सिन्हा, सूरदास मंत्री, वीरेन्द्र जैन, कैलाश जैन, हितेश कुमार सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ को हर्बल स्टेट के रूप में स्थापित करने में वैद्यों की अहम भूमिका

# वैद्य सम्मेलन में पारंपरिक औषधीय ज्ञान के संरक्षण व संवर्धन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



जिला स्तरीय वैद्य सम्मेलन का आयोजन में जिले के तीनों वनमंडलों के अंतर्गत आने वाले सभी सात विकासखंडों से पारंपरिक वैद्यों ने भाग लिया। सम्मेलन में वैद्यों ने अपने पारंपरिक औषधीय ज्ञान, जड़ी-बूटियों के उपयोग तथा उपचार पद्धतियों का आदान-प्रदान किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने वैद्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांकेर जिले के पारंपरिक वैद्य समाज सेवा का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सम्मानजनक कार्य कर रहे हैं। वैद्य न केवल जड़ी-बूटियों के माध्यम से लोगों का उपचार करते हैं, बल्कि औषधीय पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। छत्तीसगढ़ को हर्बल स्टेट के रूप में स्थापित करने में पारंपरिक वैद्यों की अहम भूमिका है। उन्होंने अधिक से अधिक वैद्यों से अपना पंजीयन कराने, औषधीय पौधों के माध्यम से आय बढ़ाने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। साथ ही स्कूलों में हर्बल गार्डन, औषधीय उद्यान तथा दुर्लभ औषधीय पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी विशेष बल दिया। औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने कहा कि उपचार में उपयोग होने वाली जड़ी-बूटियों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण एवं सुरक्षित भंडारण अत्यंत आवश्यक है। विशेषकर वर्षा ऋतु में औषधीय सामग्री के खराब होने की संभावना अधिक रहती है, इसलिए उनके उचित संरक्षण पर ध्यान दिया जाना चाहिए। औषधि पादप बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस राव ने कहा कि पारंपरिक वैद्य निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने सभी वैद्यों से पंजीयन कराने का आग्रह करते हुए बताया कि जड़ी-बूटियों को पीसने, चूर्ण एवं तरल औषधि तैयार करने के लिए मशीनों की व्यवस्था की जाएगी। इच्छुक वैद्य अपने क्षेत्र के उपयुक्त गांवों में इन मशीनों की स्थापना कर सकेंगे।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न ग्रामों से आए वैद्यों ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों, जड़ी-बूटियों की पहचान, संग्रहण, संरक्षण एवं उपचार संबंधी अपने अनुभव साझा किए। इस ज्ञान-विनिमय से पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई। कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल, वैद्य संघ के अध्यक्ष वीर सिंह पद्दा, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा जिले के बड़ी संख्या में पारंपरिक वैद्य उपस्थित रहे।

# नवपल्लव बाल मंडली का नया सांस्कृतिक भवन लोकार्पित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

■ भूमि दानदाता को दी श्रद्धांजलि

ग्राम मुसुरपुट्टा के नयापारा स्थित नवपल्लव बाल मंडली के नव-निर्मित सांस्कृतिक भवन रंगमंच का लोकार्पण रविवार को गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने फीता काटकर एवं शिलालेख का अनावरण कर रंगमंच का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक भवन गांवों की लोक परंपराओं, संस्कृति और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान रंगमंच परिसर में भूमि दानदाता स्वर्गीय मंगलराम शोरी की स्मृति में स्थापित स्मृति पट्ट का भी अनावरण किया गया। उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। ग्रामीणों ने बताया कि स्व. मंगलराम शोरी ने वर्ष 1991-92 में नवपल्लव बाल मंडली के सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए भूमि दान कर समाजहित में अनुकरणीय योगदान दिया था। उनके इस निस्वार्थ कार्य को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से स्मृति पट्ट स्थापित किया गया है।

समारोह में सदाराम नेताम, संरक्षक धनुराम भारती, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, हीरा मरकाम, मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, राजीव लोचन, जनपद सदस्य संगीता शोरी, सरपंच दिलीप अरक्का सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भूमि दानदाता के पुत्र ईश्वर शोरी के आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में ग्रामीणों ने नव-निर्मित रंगमंच के संरक्षण एवं सदुपयोग का सामूहिक संकल्प भी लिया।

# कन्या हाईस्कूल का प्रार्थना शेड अधूरा, बढ़ी परेशानी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गुकोंदल स्थित कन्या हाईस्कूल परिसर में निर्माणाधीन प्रार्थना शेड का कार्य पिछले दो माह से अधूरा पड़ा है। बारिश के बीच निर्माण कार्य बंद होने से विद्यालय परिसर में पानी भर गया है और चारों ओर कीचड़ फैलने से छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थना शेड का निर्माण ग्राम पंचायत खुटगांव के माध्यम से कराया जा रहा है। पंचायत द्वारा निर्माण कार्य की पहली किश्त जारी किए जाने के बावजूद ठेकेदार ने कार्य अधूरा छोड़ दिया है। इसका परिणाम यह है कि विद्यालय परिसर का बड़ा हिस्सा दलदल में तब्दील हो गया है।

इस परिसर में कन्या प्राथमिक शाला, कन्या माध्यमिक शाला और कन्या हाईस्कूल संचालित हैं। तीनों विद्यालयों की छात्राओं को रोजाना कीचड़ से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। वहीं प्रार्थना सभा, खेलकूद और अन्य शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। शिक्षकों को भी परिसर में आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत खुटगांव के सचिव नारायण नेताम ने बताया कि निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। उन्होंने माना कि कार्य अधूरा रहने के कारण बारिश के मौसम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को परेशानी हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों, पालकों और विद्यालय प्रबंधन ने संबंधित विभाग एवं निर्माण एजेंसी से मांग की है कि प्रार्थना शेड का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि छात्राओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण में शिक्षा मिल सके तथा विद्यालय की नियमित गतिविधियां बिना किसी बाधा के संचालित हो सकें।

# डॉ .मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, भानुप्रतापपुर में भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, त्याग, बलिदान और एकात्म भारत की उनकी परिकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, संगठन और जनसेवा के मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण है तथा उनके विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राजा पांडे रहे एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने की। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अरविंद जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने किया तथा आभार प्रदर्शन कौशल रामटेके ने किया।

# आधार बायोमेट्रिक अपडेट अभियान के तहत विद्यालयों में लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ 5 से 7 एवं 15 से 17 वर्ष के बच्चों का मेंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट अनिवार्य

भारत सरकार एवं भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के निर्देशानुसार कांकेर जिले में निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों के मेंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर शिक्षा विभाग के समन्वय से जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें पात्र विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट का कार्य किया जाएगा।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यूआईडीएआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार 05 से 07 वर्ष की आयु के बच्चों का प्रथम तथा 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों का द्वितीय मेंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में विद्यार्थियों के फिंगरप्रिंट, आईरिस (नेत्र पुतली) तथा नवीनतम फोटोग्राफ का अद्यतन किया जाता है, जिससे आधार की प्रमाणिकता बनी रहे और भविष्य में आधार आधारित प्रमाणीकरण संबंधी सेवाएं बिना किसी बाधा के संचालित हो सकें।

शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे सभी विद्यालयों की पहचान की गई है, जहां पात्र विद्यार्थियों का आधार बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है। इन विद्यालयों में चरणबद्ध रूप से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। विद्यालयों के संस्था प्रमुखों को पात्र विद्यार्थियों की सूची तैयार करने, पालकों को समय पर सूचना देने तथा निर्धारित तिथि पर विद्यार्थियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रत्येक विद्यालय में इस अभियान के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं, जो निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार अभियान को मूर्त रूप देंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद ने सभी पालकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के आधार की स्थिति की जांच करें और यदि मेंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है तो विद्यालय में आयोजित विशेष शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर यह प्रक्रिया अवश्य पूर्ण कराएं।

उन्होंने कहा कि समय पर आधार अपडेट नहीं कराने की स्थिति में भविष्य में आधार आधारित प्रमाणीकरण, छात्रवृत्ति, परीक्षा पंजीयन, शासकीय योजनाओं के लाभ तथा अन्य आवश्यक सेवाओं का लाभ लेने में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। डीएमसी नवनीत पटेल ने बताया कि यह अभियान जिले के प्रत्येक पात्र विद्यार्थी का आधार अद्यतन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके लिए सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों एवं संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक कल

**भानुप्रतापपुर।** बैठक की जानकारी देते हुए सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कांकेर के अध्यक्ष मधेश्वर जैन ने बताया कि बैठक में जिले के सभी पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, सर्किल पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है और साथ ही समाज के प्रमुखों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की वर्तमान स्थिति और आने वाली रणनीति पर चर्चा करना है। समाज को सुचारू रूप से संचालित करने और अपने संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए मिलजुलकर योजना बनाई जाएगी।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

